दिनांक 06.02.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में **Supply, Fabricating and Erecting 4 Nos. Lift Well and Installation of 4 Nos. Lift (13 Passenger each) including Civil & Electrical Work at Vikash Bhawan, Patna for the year 2025-26** कार्य के वित्तीय बीड के निष्पादन हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही:-

**उपस्थिति:-**

1. **श्री कुमार रवि,** - अध्यक्ष
   सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
2. **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** - सदस्य
   अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव,
   भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
3. **श्री ब्रजेश कुमार,** - सदस्य
   मुख्य अभियंता(पटना), भवन निर्माण विभाग, पटना।
4. **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** - सदस्य
   आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
   भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

**कार्यवाही:-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | योजना का नाम | - | **Supply, Fabricating and Erecting 4 Nos. Lift Well and Installation of 4 Nos. Lift (13 Passenger each) including Civil & Electrical Work at Vikash Bhawan, Patna for the year 2025-26** |
| 2. | योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | - | ₹337.98 लाख (विभागीय पत्रांक 13(भ0) दिनांक 09.05.2025) |
| 3. | परिमाण विपत्र की राशि | - | कोटेशन आधारित |
| 4. | कोटेशन आमंत्रित करने की तिथि | - | 14.07.2025 |
| 5. | कोटेशन कागजात डाउनलोड करने की प्रारंभ तिथि | - | 01.08.2025 |
| 6. | कोटेशन अपलोड करने की अंतिम तिथि | - | 25.08.2025 |
| 7. | कोटेशन प्रसारण का माध्यम | - | दैनिक समाचार पत्र एवं www.eproc2.bihar.gov.in |
| 8. | प्री-बीड के तिथि एवं समय | - | दिनांक 13.08.2025 को मुख्य अभियंता(पटना) एवं दिनांक 12.08.2025 को अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना के कार्यालय कक्ष में। |
| 9. | टेन्डर आई0डी0 | - | 106961 |
| 10. | निविदा में भाग लेनेवाले कोटेशनदाता का नाम एवं पता | - | (I) PS INFRASTRUCTURES, JAMAL ROAD, POST OFFICE GALI, NEAR SHIKSHAK SANGH, PATNA – 800020<br>(II) SMPL INFRA (INDIA) PVT LTD, FLAT NO 104 P VILLA KHAITAN LANE WEST BORING CANAL ROAD PATNA - 800001 |

11. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही:-**

विषयांकित कार्य की निविदा में उपरोक्त दो कोटेशनदाताओं द्वारा भाग लिया गया है। दोनों कोटेशनदाता के तकनीकी बीड के अभिलेखों को अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना के पत्रांक 4672 अनु0 दिनांक 29.08.2025 द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया है।

दिनांक 13.09.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में दिनांक 20.09.2025 के पूर्वाहन 10.00 बजे तक किसी भी प्रकार आपत्ति/परिवाद प्राप्त नहीं रहने उपरान्त मुख्य अभियंता(पटना) के पत्रांक 2588(प0) दिनांक 22.09.2025 के आलोक में अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का पत्रांक 5187 अनु0 दिनांक 24.09.2025 द्वारा तकनीकी

बीड में **"रिस्पॉन्सिव"** कोटेशनदाताओं का वित्तीय बीड खोलकर भेजा गया है, जो निम्नप्रकार से हैः-

| क्र0 सं0 | कोटेशनदाता का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | उद्घृत राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | PS INFRASTRUCTURES, JAMAL ROAD, POST OFFICE GALI, NEAR SHIKSHAK SANGH, PATNA – 800020 | ₹3,37,98,000.00 | ₹4,10,00,596.00 |
| 2 | SMPL INFRA (INDIA) PVT LTD, FLAT NO 104 P VILLA KHAITAN LANE WEST BORING CANAL ROAD PATNA - 800001 | | ₹3,96,00,000.00 |

उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है कि कोटेशनदाता **SMPL INFRA (INDIA) PVT LTD, FLAT NO 104 P VILLA KHAITAN LANE WEST BORING CANAL ROAD PATNA - 800001** न्यूनतम कोटेशनदाता है।

मुख्य अभियंता(पटना) के पत्रांक-सह-पठित ज्ञापांक 3064(प0) दिनांक 26.11.2025 के आलोक में दिनांक 02.12.2025 को न्यूनतम कोटेशनदाता से अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, पटना के कार्यालय कक्ष में दरवार्ता की गयी। दरवार्ता के क्रम में न्यूनतम कोटेशनदाता **SMPL INFRA (INDIA) PVT LTD, FLAT NO 104 P VILLA KHAITAN LANE WEST BORING CANAL ROAD PATNA - 800001** ने अपने पत्रांक 01 दिनांक 02.12.2025 द्वारा उद्घृत राशि ₹3,96,00,000.00 को कम करते हुए ₹3,71,75,000.00 मात्र पर कार्य करने की लिखित सहमति दी है।

समर्पित दर औचित्य में कोटेशन की राशि तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलित राशि से अधिक होने का मूल कारण निविदा अभिलेखों में वर्णित Lift के प्रकार का कीमती होना बताया गया है। इस संदर्भ में अभियंता प्रमुख(विद्युत) से मंतव्य प्राप्त किया गया। उनके मंतव्य अनुसार तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन में Lift का मूल्य ₹19.39 लाख है, जबकि वांछित प्रकार के Lift के लिए ₹28.00 लाख का व्यय संभावित है। इस प्रकार चार अद्द Lift के लिए अतिरिक्त ₹34.44 लाख सहित योजना का कुल सम्भावित व्यय ₹3,72,42,000.00 है। कोटेशनदाता द्वारा दरवार्ता उपरांत ₹3,71,75,000.00 मात्र पर कार्य करने की लिखित सहमति दी है, जो सम्भावित कुल व्यय से कम है। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने कोटेशनदाता द्वारा सहमत राशि को उचित पाया।

आमंत्रित निविदा के कोटेशन जमा करने की अंतिम तिथि 25.08.2025 थी इस प्रकार दिनांक 23.12.2025 को कोटेशन की वैधता अर्थात 120 समाप्त हो रही थी। मुख्य अभियंता(पटना) के पत्रांक 3289(प0) दिनांक 20.12.2025 द्वारा न्यूनतम कोटेशनदाता से बीड वैधता विस्तार का अनुरोध किया गया। कोटेशनदाता SMPL INFRA (INDIA) PVT LTD के पत्रांक 01 दिनांक 22.12.2025 द्वारा अतिरिक्त 60 दिन अथवा निविदा निष्पादन तक बीड वैधता बढ़ाये जाने पर सहमति दी गयी है।

**कोटेशनदाताओं के अनुभव प्रमाण-पत्र को सत्यापन उपरांत सही पाया गया।**

**12. <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः-</u>**

सम्यक् विचारोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से न्यूनतम कोटेशनदाता **SMPL INFRA (INDIA) PVT LTD, FLAT NO 104 P VILLA KHAITAN LANE WEST BORING CANAL ROAD PATNA - 800001** को दरवार्ता उपरांत सहमत राशि ₹3,71,75,000.00 (तीन करोड़ एकहत्तर लाख पचहत्तर हजार रूपये)मात्र पर कार्य आवंटित करने की अनुशंसा के साथ सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति में रखे जाने का निर्णय लिया गया।

13. <u>विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-</u>

सम्यक् विचारोपरान्त विभागीय निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा पर सहमति व्यक्त करते हुए न्यूनतम कोटेशनदाता **SMPL INFRA (INDIA) PVT LTD, FLAT NO 104 P VILLA KHAITAN LANE WEST BORING CANAL ROAD PATNA - 800001** को दरवार्ता उपरांत सहमत राशि ₹3,71,75,000.00 (तीन करोड़ एकहत्तर लाख पचहत्तर हजार रूपये)मात्र पर कार्य आवंटित करने एवं स्वीकृत्यादेश निर्गत करने हेतु मुख्य अभियंता(पटना) को प्राधिकृत करने का निर्णय लिया गया।

इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6/2/26 | 06/02/2026 | 6/2/26 | 6/2/26 |
| (विकास कुमार पाण्डेय) | (ब्रजेश कुमार) | (सुरेश प्रसाद प्रभाकर) | (कुमार रवि) |
| आंतरिक वित्तीय सलाहकार, भ०नि०वि०, बिहार, पटना | मुख्य अभियंता(पटना) भ०नि०वि०, बिहार, पटना | अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ०नि०वि०, पटना | सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना |

ज्ञापांक-भवन/मु०अभि०(प०)यो०प्राक०-1-40/2024-423(D) पटना, दिनांक-06.02.26

प्रतिलिपि-आई०टी० मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

06/2/2026

(ब्रजेश कुमार)

मुख्य अभियंता(पटना),

भवन निर्माण विभाग, पटना।